सार-समाचार

संविधान दिवस पर कार्यक्रम हुआ

पोकरण, (साबीर)। भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को दलित अधिकार अभियान समिति की ओर से स्थानीय अम्बेडकर सर्किल पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 76वें संविधान दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष सुरेश नागौरा, शिक्षाविद रेंवताराम बारुपाल, नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष नारायण रंगा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी अमृतलाल खत्री बन्धू सहित अनेक विशिष्टजन मौजूद रहे। अतिथियों ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा भारतीय संविधान की गरिमा और महत्व पर अपने विचार प्रकट किए। वक्ताओं ने कहा कि भारत का संविधान विश्व में सबसे मजबूत और व्यापक संविधान माना जाता है, जिसने देश के हर नागरिक को समानता, न्याय, स्वतंत्रता और शिक्षा सहित अनेक मौलिक अधिकार प्रदान किए हैं। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को मिले संवैधानिक अधिकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान ने महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, संपत्ति तथा राजनीति में स्वतंत्र भागीदारी जैसे अधिकार देकर उन्हें सशक्त बनाया है, जिसके परिणामस्वरूप महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रसर हैं। कार्यक्रम में समिति उपाध्यक्ष चेतनराम भाटी, भगाराम देवपाल, मेहराजराम जुईया, हरिकिशन बारुपाल, भंवरलाल लीलावत, बाबूलाल पालीवाल, भील समाज अध्यक्ष नथूराम भील, बुधाराम भील, संजय लीलावत, विराट खान, श्रवण कुमार, रुघेश कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। समिति सचिव गणपतराम गर्ग ने उपस्थित जनों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। अंत में समिति अध्यक्ष सुरेश नागौरा ने सभी अतिथियों व नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

वीर वीरमदेव कॉलेज में व्याख्यान

जालोर, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में तथा नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एहसान अहमद, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अभियोजक, ने अपने उद्बोधन में संविधान के मूल्यों और नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य जगदीश सिंह राजपुरोहित ने भी संविधान के निर्माण प्रक्रिया, उसकी महत्ता तथा भारतीय लोकतंत्र में इसके योगदान पर प्रभावी व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों के ज्ञान में अभिवृद्धि करते हुए संविधान को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य मनीष अखावत, डॉ. मनीष शेखावत, डॉ. शिवकुमार शर्मा सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना, संविधान के आदर्शों से अवगत कराना तथा उन्हें जिम्मेदार, जागरूक और संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करना था।

सफाई कर्मियों का झाड़ू डाउन धरना

फलोदी, (निसं)। फलोदी नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नगर परिषद कार्यालय समक्ष बुधवार दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन सफाई कर्मियों द्वारा अपनी मांग रखते हुवे बताया गया कि मृत आश्रित कर्मचारियों को काम तुरंत काम दिया जाये, कार्ड की पात्रता में शामिल किया जाये,पेंशन प्रकरण को जल्दी पूरा कर लाभ पहुंचाया जाये,दिवाली का बोनस और डी ए का बकाया भुगतान दिया जाये। साथ ही सफाई कर्मचारियों हेतु कॉलोनी काटने, जिससे की सफाई कर्मी आवास हीन न रहे जैसी समस्त मांगो को रखा गया था। लेकिन आज तक इनमें से कई मांगो को पूरा नहीं किया गया है । इसलिए अब हमें मजबूरन आंदोलन करने की राह पर आना पडा है। ज्ञापन में बताया गया कि सफाई कर्मियों द्वारा अतिरिक्त जिला कलेक्टर के नाम 7 अक्टूबर 2025 को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन उस ज्ञापन को जिम्मेदारों द्वारा संज्ञान में नहीं लिया गया जिसके चलते आखिरकार सफाई कर्मियों ने आंदोलन की राह पकडी है। ज्ञापन में बताया गया कि समय रहते मांगे नहीं मानी गई तो समस्त सफाई कर्मी उग्र आंदोलन करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

डूडसी ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल हुई

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को डूडसी ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पिकअप ने ली खान मालिक की जान

जोधपुर, (कासं) । कमिश्नरेट में हुए सडक़ हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। इसमें एक खान मालिक बताया जाता है। पुलिस ने शवों को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। राजीव गांधी नगर पुलिस के अनुसार सूरसागर स्थित नई रकासनी एसबीआई बैंक रोड पर रहने वाला 52 साल का प्रहलाद सिंह पुत्र पन्नालाल अपनी खान से बाइक पर सवार होकर घर की तरफ से लौट रहा था। तब केरू रोड पर किसी पिकअप के चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। इस बारे में उसके भतीजे महिपाल सिंह पुत्र पृथ्वीराज राजपुरोहित ने राजीव गांधी नगर थाने में पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी है। दूसरी तरफ बोरानाडा पुलिस ने बताया कि साडियानाडा की ढाणियां सैनाई लूणी निवासी धनसिंह पुत्र दलपत सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके चाचा 62 वर्षीय चंदनसिंह पुत्र रामसिंह अपनी बाइक लेकर 17 नवंबर को भांडूकलां हाइवे रोड से निकल रहे थे। तब किसी वाहन चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल उसके चाचा को एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया, मगर अब उनकी मौत हो गई। बोरानाडा पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन को सौंपा।

मूलराजसिंह देवडा के निधन से शोक

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट भटाना ठिकाना ठाकुर मूलराजसिंह देवडा के निधन पर कस्बे के सभी प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखी। बैकुट यात्रा में करीब बारह गांवों के हजारों लोग शामिल हुए। ठाकुर का निधन होने का संदेश मिलने पर कस्बे के आस पास गांवों के लोगों ने शोक मनाया ठाकुर की अंतिम यात्रा देखने के लिय लोग लाइन लगाकर हाथों में फूल लेकर खडे रहे। यात्रा में ठाकुर के परिवार वालों पैसे बरचाएं। ठाकुर साहब का स्वभाव निर्मल होने के कारण बैकुंठ यात्रा में हजारों लोगों की भीड रही। यात्रा में शिवगंज प्रधान, रेवदर विधायक मोती राम कोली, पूर्व विधायक जगसी राम कोली सहित कई नेता लोग मौजूद रहे।

बाबा साहेब को याद किया

रेवदर, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय रेवदर में संविधान दिवस के मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर फूल अर्पित कर उनको याद दिया गया। इस दौरान प्राचार्य मुकेश कुमार मीणा में भारतीय संविधान के बारे में संक्षिप्त उद्बोधन दिया गया। इस आयोजित कार्य म में समस्त संकाय सदस्य कुलदीप सिंह , भंवर लाल, हंसराज, राजेश कुमार, छात्र लक्ष्मण वाघेला, हर्षवर्धन सिंह देवडा, एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

जैसलमेर-दिल्ली नई ट्रेन 29 को

जैसलमेर, (नि.सं.)। केन्द्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत द्वारा 29 नवम्बर शनिवार को जैसलमेर से दिल्ली (शकूरबस्ती) नई ट्रेन का सुबह साढ़े दस बजे हरी झंडी दिखाकर जैसलमेर रेलवे स्टेशन से शुभारम्भ करें। उतर पश्चिम रेलवे जन सम्पर्क अधिकारी ने जानकारी दी। लम्बी दूरी की ट्रेनों के लिए तरस रहे जैसलमेर के लिए बड़ी खुशखबरी है। जैसलमेर से शकूर वस्ती (दिल्ली) के बीच यह ट्रेन रोजाना आवाजाही करेगी। इससे स्थानीय वाशिंदों व सैन्य बलों के लोगों के साथ पर्यटकों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

गंगानाथ महाराज का 9 वां चातुमार्स बैरठ में होगा

जालोर, (कासं)। सिरे मंदिर धाम के पीठाधीश्वर पीर गंगानाथ महाराज का 9 वां चातुमार्स बैरठ में सम्पन्न होगा।

भैरूनाथ अखाड़े के व्यवस्थापक पारसमल परमार ने बताया कि बुधवार को भैरूनाथ अखाडे में बैरठ ग्राम के समस्त ग्रामवासियों सहित उपस्थित भक्तजनों ने पीर गंगानाथ महाराज का अगला चातुर्मास गाँव बैरठ में करने का आग्रह किया। जिस पर पीर गंगानाथ महाराज ने भक्तों के आग्रह को स्वीकार किया। चातुर्मास की घोषणा करते ही बैठक में उपस्थित सभी भक्तों द्वारा नाथजी महाराज के जयकारो से सदन गुंजायमान हो उठा। इसके बाद भक्तों ने शुभ मुहूर्त में पीर गंगा नाथ महाराज को माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। पीर गंगानाथ महाराज का बैरठ गांव में 9 वॉ चातुर्मास होगा। पीर गंगानाथ महाराज ने सन् 2014 विकम संवत 2071 मे प्रथम चातुर्मास भी बैरठ ग्राम में किया था। इसी ग्राम मे पीर गंगानाथ महाराज का यह दूसरा चातुर्मास होगा। इससे पूर्व भी बैरठ ग्रामवासियों ने पीर शांतिनाथजी महाराज का भी दो बार चातुर्मास सम्पन्न करवाया है । वहीं बैरठ में केशरनाथ महाराज भी दो बार चातुर्मास कर चुके है।

पीर गंगानाथ महाराज के आगामी चातुर्मास बैरठ गांव का प्रस्ताव स्वीकार करने पर ग्रामवासियों ने स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। फोटो-राष्ट्रदूत

बैरठ ग्राम के निवासी रिटायर्ड पुलिस उपाधीक्षक गोपालसिंह ने बताया कि बैरठ ग्राम के समस्त ग्रामवासी नाथजी महाराज के भक्त है एवं पीर शांतिनाथजी महाराज, पीर गंगानाथ महाराज एवं समस्त नाथजी महाराज के प्रति प्रगाढ़ आस्था है। सभी भक्तों ने भैरूनाथ महादेव के समक्ष पूजा अर्चना कर बह्मलीन शांतिनाथजी महाराज की तस्वीर को माला पहनाकर केशरनाथजी की धूणी के दर्शन किये। समिति व्यवस्थापक पारसमल परमार ने समस्त ग्रामवासियों का धन्यवाद एवं साधुवाद ज्ञापित किया और समस्त भक्तगणों ने जय नाथजी री का उद्घोष किया।

संविधान की पालना करना हम सब का नैतिक कर्तव्य : अहसान अहमद

जालोर, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में बुधवार को संविधान दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान राजकीय वीर वीरमदेव महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय एवं आशापूर्णा विधि महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

राजकीय गर्ल्स कॉलेज में युवा संसद का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने भारतीय संविधान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारत का संविधान सभी देशों से अच्छा संविधान है। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर ने इसे बनाते समय सभी वर्गों का ध्यान रखा है। भारत का संविधान सर्वोच्च कानून है जो भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बनाता है। संविधान भारत के सरकारी अंगों की संरचना, शक्तियों, कर्तव्यों और नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को परिभाषित करता है। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया गया। इस दौरान सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निवारण को लेकर न्याय आपके द्वारा अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अपनी शिकायतें दर्ज करवाने का तरीका बताया। इस दौरान प्राचार्य मोहम्मद इरफान, पीपाराम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने के आवेदन पत्र एवं सेवाओं से संबंधित अभियान की जानकारी देने के लिए पोस्टर का वितरण किया गया। इसी प्रकार राजकीय वीर वीरमदेव महाविद्यालय में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव अहसान अहमद ने संविधान में आमजन के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। उन्होंने कहा कि डॉ बीआर अंबेडकर को संविधान का जनक और मुख्य वास्तुकार माना जाता है। इस दौरान सचिव ने विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, अभियानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कार्यवाहक प्राचार्य डॉ मनीष अखावत, एनएसएस प्रभारी मनीषसिंह, शिवकुमार शर्मा व सहायक आचार्य जगदीशसिंह राजपुरोहित मौजूद रहे। इसी प्रकार आशापूर्णा विधि महाविद्यालय में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संविधान दिवस के बारे में विस्तार से बताया और संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। इस मौके पर न्यायिक सक्रियता विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पक्ष में वजाराम व सुमन ने एवं विपक्ष में भावेश ने अपना बेहतरीन पक्ष रखा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के पोस्टर, पंपलेट एवं जनउपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायत दर्ज करवाने के आवेदन पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को अधिवक्ता डॉ प्रभूसिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान देवीलाल माली, डॉ हितेष आशिया, प्रशांत रामावत आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष का जालोर, आहोर, सायला में स्वागत

जालोर, (कासं)। कांग्रेस की जालोर जिला की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल जालोर पहुंचने पर बुधवार को राजीव गांधी भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं जिलाध्यक्ष का आहोर , सायला में भी स्वागत किया गया।

जयपुर से जालोर आगमन पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शॉल ओढाकर, माला पहनाकर और गुलदस्ते भेंट कर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। वही जयपुर से आहोर पहुंचने पर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी के नैतत्र में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

स्वागत समारोह में कांग्रेस नेता पुखराज पाराशर, पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, महिला जिलाध्यक्ष संतोष कंवर, कांग्रेस नेता उमसिंह चांदराई सहित बडी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। सभी ने मेघवाल को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की शुभकामनाएं दीं।

जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल ने कहा कि किसान, महिला, युवा और हर वर्ग के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। जालोर में कांग्रेस को नई ऊर्जा और मजबूती के साथ आगे बढाया जाएगा।

राजस्थान जन अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं दृष्टष्ट सदस्य पुखराज पाराशर के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें शॉल ओढाकर, माला हाथ में देकर सम्मानित भी किया।

कांग्रेस नेता उमसिंह चांदराई ने कहा कि रमिला मेघवाल के नेतृत्व में जिले का संगठन और सशक्त होगा। उन्होंने उन्हें जमीन से जुडी और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली नेत्री बताया। चांदराई ने विश्वास जताया कि नई जिलाध्यक्ष कार्यकर्ताओं को नई दिशा और ऊर्जा देंगी।

कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष संतोष कंवर ने कहा कि रमिला मेघवाल की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में नई उम्मीद जगी है और इससे संगठन में नई गति आएगी। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, आहोर प्रत्याशी सरोज चौधरी, उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भूटो, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुष्मिता गर्ग, प्रदेश सचिव कामिनी शर्मा, गीताश्री, पुर्व पार्षद बंसत सूथार, ममता जैन, पुर्व पार्षद अफरोजा सिलावट सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सायल नगर के कात्यायनी माताजी मंदिर परिसर में बुधवार दोपहर को मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत सायला ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस के सभी बीएलए की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का नेतृत्व प्रभारी परीक्षित व्यास ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण, नए मतदाताओं के पंजीयन, आपत्तियों के निस्तारण तथा बूथ लेवल की जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने बीएलए की भूमिका को चुनाव प्रक्रिया की रीढ बताते हुए संगठन के प्रति जिम्मेदारी और सजगता से कार्य करने का आहवान किया।

इस दौरान जालोर जिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती रमिला मेघवाल का गर्मजोशी से स्वागत भी किया गया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया और संगठन को मजबूती देने की दिशा में उनके नेतृत्व पर विश्वास जताया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सवाई सिंह चंपावत ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त कर संगठनात्मक मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया।

इस दौरान सेवा दल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सवाई सिंह चंपावत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुखदेव त्रिवेदी, जिला महासचिव सुल्तान खान भाटी, नगर अध्यक्ष नागेश जैन, सुष्मिता गर्ग आदि मौजूद रहे।

कृषि वि.वि. में संविधान दिवस मनाया

जोधपुर, (कासं) । कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डॉ वीएस जैतावत ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को पूर्णता देने के लिए कृषि क्षेत्र एवं कृषि वैज्ञानिकों का अहम योगदान है। कुलगुरु प्रो जैतावत ने यह बात बुधवार को कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे अनुसंधान, शिक्षा और नवाचार उपलब्ध करवाने हैं जो न केवल किसानों के जीवन को समृद्ध बनाएं बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा को भी सुदृढ करें। उन्होंने कहा कि आज हम संकल्प लेवें की राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाकर भारत को आत्मनिर्भर और समृद्धि की राह पर बढ़ाएंगे। उन्होंने संविधान की गरिमा को अपनाते हुए इसके आदर्शों को अपनाने की भी बात कही। कार्यक्रम में मौजूद निदेशक शिक्षा, डॉ एस के मूंड ने संविधान निर्माण की चर्चा करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र से जुड़े होने के नाते हम सबका पुनीत कर्तव्य है कि अन्नदाता के प्रति हमारे कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों की ओर से संविधान की उद्देशिका का वाचन भी किया गया। विश्वविद्यालय के सभी डीन, निदेशक, अधिकारी व कर्मचारीयों सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

रेवदर पंचायत समिति में साधारण सभा आयोजित

रेवदर. (निसं)। पंचायत समिति रेवदर के सभा भवन में प्रधान राधिका देवासी की अध्यक्षता में साधारण सभा बैठक का आयोजित किया गया।

बैठक में विधायक मोतीराम कोली का आतिथ्य रहा। बैठक मे विभिन्न विभागों के अधिकारी एव कर्मचारीगण मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। विधायक ने बताया कि सुकडी सेलवाडा नहर के पास पट्टेधारी 16 परिवारों को भूमि अवाप्ती का मुआवजा नहीं मिलने के संबंध में जल संधाधन विभाग को अगवत कराया। प्रत्येक ग्राम पंचायत की गोचार भूमि में एक पशुशेड निर्माण करवाने के संबध में चर्चा की। तहसीलदार मंजू देवासी द्वारा एस आई आर एवं राजस्व विभाग के संबधित जानकारी दी गई।

बैठक में विकास अधिकारी हेमाराम चौधरी ने नरेगा स्वामित्व, पेंशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी दी। बैठक में जेजेएम में तोडी गई सडको को पुनः मरम्मत करवाने तथा पानी की नियमित आपूर्ति के बारे जलदाय विभाग को अवगत कराया गया।

बैठक में ग्राम पंचायत पोसीतरा के डामर सडक के पास लगे ट्रसफार्मर को अन्यत्र शिप्ट करने के बारे बताया। विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता ने स्मार्ट मीटर व सोलर सिस्टम लगाने के बारे में जानकारी दी।

पोसीतरा में सीएससी पर एएनएम लगाने एवं चिकित्सा संबधित विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में शिक्षा विभाग एवं बाल विकास विभाग के संबधित विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर आधार सेन्टर खोलने के बारे चर्चा की गई। बैठक में प्रधान द्वारा धन्यवाद उपरान्त बैठक का समापन किया गया। बैठक में उप प्रधान उर्मीला देवी वैष्णव, जिला परिषद सदस्य मगनलाल कोली, पंचायत समिति सदस्य सुरताराम, नरसाराम माली, प्रतापराम, शंकरलाल कोली, पंख देवी, प्रागाराम एवं प्रशासक अजबाराम, महेन्द्र कुमार, गुलाब कुंवर, पीराराम एवं अति. विकास अधिकारी भरत सिंह, हरिश प्रकाश सोनी, कनिष्ठ सहायह हरिश दवें, कानाराम आदि मौजूद रहे।

शोभायात्रा निकाली

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के धान मंडी पुरानी कचहरी स्थित माता रानी भटियाणी मंदिर की 19वीं वार्षिक उत्सव के तहत बुधवार को सुबह 9 बजे बैंड बाजा के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। सैकड़ो महिला पुरुषों ने केसरिया ध्वज लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए।,

शोभायात्रा में ग्रामीण क्षेत्र से आई गेर नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा में घोड़े पर सवार युवक एक गाड़ी में माताजी की सवारी जयकारे लगाते भक्तगण चल रहे थे। मंदिर पुजारी दिनेश राठौर ने बताया कि शोभायात्रा धान मंडी से शुरू होकर सोमनाथ मंदिर भेरू घाट पानी दरवाजा उदयपुरिया बाजार गुलजार चौक पुरानी सब्जी मंडी होते हुए वापस माता रानी मंदिर पहुंच समाप्त हुई। जहां माता जी की आरती हुई तीन दिवसीय कार्यक्रम में पाली शहर के अलावा अन्य जगह सभी भक्तगण पहुंचे।

जल शक्ति अभियान कैच द रेन के कार्यों की समीक्षा

जालोर, (कासं)। जल शक्ति अभियान-कैच द रेन 2025 की केंद्रीय नोडल अधिकारी एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार में निदेशक रंजिता रश्मि की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल शक्ति अभियान-कैच द रेन 2025 के तहत जालोर जिले में पूर्ण किए गए जल संरक्षण कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान केंद्रीय नोडल अधिकारी रंजिता रश्मि ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से जिले में जल संचय-जन भागीदारी अभियान, नेशनल वॉटर मिशन, अमृत सरोवर 2.0 सहित विभिन्न प्रगतिरत जल संरक्षण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में संचालित हर घर जल-जल जीवन मिशन के अंतर्गत नर्मदा नहर परियोजना के एफआर, डीआर, ईआर एवं सीलु-जैसला-भाटकी प्रोजेक्ट की प्रगति देखी।

उन्होंने प्रधानमंत्री .षि सिंचाई योजना के अंतर्गत जिला परिषद की तरफ से करवाए गए विभिन्न कार्यों-टांका निर्माण, फॉर्म पौंड निर्माण, रूफटॉप रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम कार्यों तथा जल संसाधन विभाग द्वारा सम्पादित करवाये जा रहे भैंसवाड़ा डाइवर्जन कार्य पर जानकारी लेने के साथ ही जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के गावंडे, केन्द्रीय भू-जल ब्यूरो के वैज्ञानिक घनश्याम तिवारी, उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा, अधिशासी अभियंता लक्ष्मणसिंह सांदू, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता विजेश कुमार बालेसा, सहायक वन संरक्षक भंवरसिंह सोढ़ा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पाली में उत्कृष्ट कार्य पर बीएलओ का सम्मान

पाली, (नि.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत परिगणना प्रपत्रों के शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पाली जिले के बीएलओ को मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर एलएन मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मंत्री ने बीएलओ नंदेश कुमार (बाली), रूपसिंह गोयल (पाली), इकबाल मोहम्मद (सुमेरपुर), अंकुश सुधार सोजत, जवाहरलाल सोजत, नवीन राजपुरोहित (सोजत), प्रकाशचन्द्र मेवाड़ा (सोजत), ओमप्रकाश विश्नोई (पाली), विक्रम सिंह (पाली), नरसिंहराम (पाली), सुरेन्द्र सिंह (मारवाड़ जंक्शन), सरेन्द्र कुमार लौहार, बाबूलाल मेघवाल (मारवाड़ जंक्शन), हजारीसिंह (मारवाड़ जंक्शन), गिरधारी सिंह (मारवाड़ जंक्शन), रगाराम भटनागर (मारवाड़ जंक्शन), प्रेमसिंह पेमावत (बाली), लालचन्द मीणा (बाली), गोविन्दसिंह सिन्दल (सुमेरपुर), महेश कुमार वैष्णव (सुमेरपुर) को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बीएलओ द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कर पुनरीक्षण प्रक्रिया को गति प्रदान की गई है। उन्होंने बेहतर कार्य के लिए सभी बीएलओ का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. बजरंग सिंह, नोडल अधिकारी (स्वीप) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मुकेश चौधरी, जिला स्वीप समन्वयक गजेन्द्र सिंह नारलाई, तथा बीएलओ सहायक सत्यनारायण शर्मा उपस्थित रहे।

शंभू सिंह खेतासर परिवार को 18 साल बाद मिला न्याय

पाली, (निसं)। जिला न्यायालय पाली के जिला न्यायाधीश राजेंद्र कुमार ने वर्ष 2006 से लंबित आरएफसी की नीलामी विवाद से जुड़े तीन प्रकरणों का एक साथ निस्तारण करते हुए एक अहम फैसला सुनाया।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी नीलामी में मात्र सर्वाधिक बोली लगाने से बोलीदाता को कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं होता और नीलामी को निरस्त करना तथा पुनः नीलामी करना आरएफसी का अधिकार है।

शंभूसिंह खेतासर परिवार के अधिवक्ता वरिष्ठ एडवोकेट अशोक अरोड़ा ने बताया कि 2 नवम्बर 2006 को आरएफसी ने प्लॉट संख्या 2, सुभाष नगर 'बी', पाली की नीलामी आयोजित की थी, जिसमें सर्वाधिक बोली 58,21,000 की रवि मोहन भूतड़ा के नाम रही। बाद में आरएफसी ने इस नीलामी को रद्द कर दिया और 6 अगस्त 2007 को पुनः नीलामी घोषित की। रवि मोहन भूतड़ा ने पुनः नीलामी को रुकवाने हेतु दावा एवं स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, परन्तु विचारण न्यायालय तथा तत्पश्चात जिला न्यायालय दोनों ने उनका स्थगन आवेदन खारिज कर दिया। इस अवधि में पुनः हुई नीलामी में शंभू सिंह खेतासर के पुत्र राजेंद्र सिंह ने 76,31,000 की सर्वाधिक बोली लगाई और संपूर्ण राशि जमा भी करवा दी। उधर, रवि मोहन द्वारा जिला न्यायालय पाली के विरुद्ध प्रस्तुत अपील में उच्च न्यायालय ने आगे की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी, जिससे राजेंद्र सिंह के पक्ष में लीज निष्पादित नहीं हो सकी। इस बीच रवि मोहन ने संविदा की विशिष्ट पालना का एक नया वाद भी जिला न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। उसके विचाराधीन रहते विचारण न्यायालय ने रवि मोहन का स्थाई निषेधाज्ञा का वाद का निर्णय रवि मोहन के पक्ष में कर दिया, जिसे आर एफ सी और राजेंद्र सिंह ने जरिए अपील जिला न्यायालय में चुनौती दी।

इस दौरान राजेंद्र सिंह का स्वर्गवास हो गया तो राजेंद्र सिंह के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक प्रतिनिधियों द्वारा कार्यवाही जारी रखी गई। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक अरोड़ा ने शंभू सिंह खेतासर परिवार की ओर से पैरवी करते हुए तर्क दिया कि सिर्फ स